ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 17.06.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 17.06.2021 को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।
- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश के क्रम में कोविड–19 एवं बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा है नालों एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य।

1. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 17.06.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कॉलोनी, शान्तिपुरम,गदियाना, आवास विकास सुभाष नगर में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा बीबीजई हददफ, तारीन बहादुरगंज, अम्बेडकर पार्क, लकड़ी मण्डी एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा चौभुर्जी,वर्कजई,आनन्दपुरम कालोनी,सिंजई, मदराखेल के आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा साउथ सिटी,अजीजगंज मोझधाम,गॉधी पार्क,रैन बसेरा,जिला अस्पताल एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा अहमदपुर रेती,फत्तेपुर रेती,तारीन गाड़ीपुरा,ख्वाजा फिरोज, आदर्श नगर कालोनी में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 5710 स्थलों एवं 450 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

2. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 16.06.2021 को सफाई जोन–1 में सुभाषनगर एवं जाग्रति नगर में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में रंगीन चौपाल एवं बहादुरपुरा रेलवे लाईन के पास में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 सुनहरी मस्जिद व हयातपुरा तराई तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में वाकरजई, लालपुर वाली पुलिया में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के रोशनगंज में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर।